# HINDI

## SECTION - A ( अपठित बोध )

**1.** **(a) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखें :**

आधुनिक युग में ‘ योग’ (YOGA) का महत्व बढ़ गया है। इसके बढ़ने का कारण व्यस्तता और मन की व्यग्रता है यदि मनुष्य शारीरिक रूप से स्वस्थ है, तो वह संसार में रहकर जीवन का सुख भोग सकता है और अपने सभी कर्तव्यों एवं मनोकामनाओं को पूर्ण कर सकता है। शरीर ही वह माध्यम है, जिसके द्वारा हम अपने सभी कामों को संपन्न कर सकते हैं। इसलिए अपने शरीर को स्वस्थ रखना हमारा प्रथम कर्तव्य है, जिसे ‘ योग ‘ द्वारा स्वस्थ बनाना जा सकता है। 21 जून, 2015 को प्रथम बार संपूर्ण विश्व में “ विश्व योग दिवस “ मनाया गया है। इसके साथ ही यह घोषणा भी की है गई है कि प्रत्येक वर्ष 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में मनाया जाएगा। योग प्राचीन समय से ही भारतीय संस्कृति का अंग रहा है। हमारे पूर्वजों ने बहुत समय पहले ही इसका आविष्कार कर लिया था और इसके महत्व को पहचान लिया था। इसलिए ‘ योग ‘ पद्धति सदियों बाद भी जीवित है। ‘योग’ करने से शरीर की प्रथम थकान ही नहीं बल्कि मन की थकान भी दूर होती है। योग करने वाला व्यक्ति अपने अंग - प्रत्यंग में एक नए उत्साह एवं स्फूर्ति का अनुभव करता है ।

i. आधुनिक युग में ‘योग’ का महत्व क्यों बढ़ गया है ? **1**
ii. यदि मनुष्य शारीरिक रूप से स्वस्थ है, तो क्या प्राप्त हो सकता है ? **1**
iii. किसके माध्यम से हम अपने कामों को संपन्न कर सकते हैं ? **1**
iv. प्रथम बार ‘विश्व योग दिवस’ कब मनाया गया ? **1**
v. प्राचीन समय से ‘योग’ किसका अंग रहा है ? **1**
vi. ‘योग’ का आविष्कार किसके द्वारा किए गए ? **1**
vii. ‘संसार’ शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखिए । **1**
viii. ‘प्राचीन’ शब्द का विलोम शब्द लिखिए । **1**
ix. किससे हमारे शरीर और मन की थकान दूर हो होती है ? **1**
x. प्रस्तुत गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए । **1**

**(b) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखें :**

प्रकृति ईश्वर की देन है। प्रकृति और मनुष्य आदिकाल से ही एक - दूसरे पर आश्रित रहे है। प्रकृति ने ही मनुष्य को संरक्षण प्रदान किया। वह प्रकृति की सुगम्य गोद में पला - बढ़ा और इसी पर आश्रित हो गया। आदिकाल से ही मनुष्य के जीवन में वह अत्यंत महत्वपूर्ण रहे हैं। परंतु ज्यों .- ज्यों सभ्यता का विकास हुआ, त्यों - त्यों मनुष्य ने अपनी आवश्यकताओं एवं सुख - सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए इनका दोहन पर . बल दिया। वनों की लगातार

कटाई होती गई, जिससे पर्यावरण प्रदूषित प्रदूषण की समस्या बढ़ती जा रही है। प्रकृति का संतुलन बिगाड़ने की दिशा में मनुष्य पिछले दो-तीन सौ वर्षो के दौरान इतना अधिक आगे बढ़ चुका है कि अब पीछे हटना असंभव - सा लगता है। विभिन्न देशों की वन संपत्ति अत्यंत तीव्र गति से क्षीण होती जा रही है। .भारत के विभिन्न प्रदेशों, विशेषकर पूर्वोत्तर राज्यों के जंगल भारी संख्या में काटे जा रहे हैं। यह अच्छी तरह जानते हुए भी कि जंगलों को काटने का मतलब होगा - भूमि को अरक्षित करना, बाढ़ो को बढ़ावा देना और मौसम के बदलाव में सहायक होना । आदिकाल में ही मनुष्य ने वनों की महत्व को जान लिया था। संपूर्ण प्राचीन भारतीय कला, साहित्य , संस्कृति में पर्यावरण के प्रति विशद दृष्टि मिलती है। पंचतंत्र,जातक कथाएं , पौराणिक साहित्य आदि पर्यावरण और मानव के संबंध के गंभीर ज्ञान का सागर है, परंतु आज वनों को जो क्षति पहुँचाई जा रही है , उसकी भरपाई करने के लिए सरकार और समाज में जागृति लाने की आवश्यकता है ।

(i) मनुष्य कब से प्रकृति के साथ एक - दूसरे पर आश्रित रहें है? **1**

(ii) किसने मनुष्य को संरक्षण प्रदान किया? **1**

(iii) मनुष्य ने प्रकृति का दोहन करना क्यों शुरू किया? **1**

(iv) किससे पर्यावरण प्रदूषण की समस्या बढ़ती है? **1**

(v) प्रकृति का संतुलन बिगाड़ने की दिशा में कौन आगे बढ़ रहा है? **1**

(vi) 'वन' शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखिए । **1**

(vii) जंगलों की अत्यधिक कटाई का क्या परिणाम होता है? **1**

(viii) प्राचीन भारतीय कला, साहित्य, संस्कृति में किस के प्रति विशद् दृष्टि मिलती है? **1**

(ix) 'मानव' शब्द का विलोम शब्द लिखिए । **1**

(x) प्रस्तुत गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए । **1**

## SECTION – B ( लेखन )

**2. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न के उत्तर से 100 - 150 शब्दों में लिखिए : 4x6=24**

(a) किसी दैनिक समाचार - पत्र के संपादक को सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सुझाव देते हुए पत्र लिखिए।

(b) आपके विद्यालय में राष्ट्रीय नाटक विद्यालय (National School of Drama) की ओर से एक कार्यशाला ( Workshop) 5th जून से 8th जून तक आयोजन किया गया । विद्यालय पत्रिका के लिए एक विवरण तैयार कीजिए ।

(c) अपने शहर के नगर निगम के अधिकारी को अपने मोहल्ले में वर्षा के कारण उत्पन्न जल -भराव की समस्या को लेकर एक शिकायती पत्र लिखिए ।

(d) अपने विद्यालय में आयोजित वृक्षारोपण समारोह का वर्णन करते हुए एक विवरण तैयार कीजिए ।

**3.** **निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न के उत्तर 50-100 शब्दों में लिखिए : 4x4=16**

(a) आप सर्वोदय विद्यालय, कोहिमा की प्रधानाचार्य हैं । आपके विद्यालय में 20 जून 2020 को वार्षिक समारोह का आयोजन होगा। इसके लिए सभी विद्यार्थियों के माता-पिता को आमंत्रित पत्र लिखिए ।

(b) अपने देश में कोविड-19 के बढ़ते खतरे के विषय में दो मित्रों के बीच चर्चा का एक संवाद लिजिए ।

(c) अपने बड़े भाई के विवाह में अपने मित्र को आमंत्रण देते हुए एक निमंत्रण पत्र लिखिए।

(d) दो छात्राएं अपने जीवन के लक्ष्य के बारे में बातचीत कर रहे हैं दोनों के बीच होने वाले संवाद को लिखिए ।

## SECTION – C ( व्याकरण )

**4.** **निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए:**

(a) 'मनः + हर' शब्द का संधि है । **1**

(i) मनोहर (ii) मनुहर
(iii) मनहर (iv) मनिहार

(b). 'राजपुत्र' कौन सा समाज है । **1**

(i) द्वन्द समाज (ii) तत्पुरुष समास.
(iii) द्विगु समास (iv) बहुब्रीहि समाज

(c) 'अनुकरणवाचक पुनरुक्ति' शब्द है । **1**

(i) कभी-कभी (ii) खटपट
(iii) पूछ – ताछ (iv) कोई नहीं

(d) 'मैं' , 'पर' - किस कारक का चिन्ह है ? **1**

(i) कर्म कारक (ii) अधिकरण कारक
(iii) कर्ता कारक (iv) करण कारक

(e) हिंदी व्याकरण में ' लिंग ' के कितने भेद होते हैं ? **1**

(i) पाँच (ii) दो
(iii) चार (iv) आठ

(f) 'रमेश खाना खा रहा था।' किस काल का वाक्य है । **1**

(i) भूतकाल (ii) वर्तमान काल
(iii) भविष्य काल (iv) कोई नहीं

(g) 'बच्चे खेल रहे हैं।' किस वाक्य का वाक्य है ? **1**

(i) कर्तृवाच्य (ii) कर्मवाच्य
(iii) भाववाच्य (iv) कोई नहीं

(h) 'पुस्तकालय' शब्द कौन - सा संधि है ? **1**

(i) स्वर संधि. (ii) व्यंजन संधि

(iii) विसर्ग संधि (iv) कोई नहीं

(i) समाज के कितने भेद हैं? **1**

(i) छः (ii) आठ

(iii) पाँच (iv) चार

(j) 'पेड़ से पत्ते गिरते हैं।' में कौन -सा कारक है ? **1**

(i) कर्ता कारक (ii) करण कारक

(iii) अपादान कारक (iv) कर्म कारक

5. **निम्नलिखित के विलोम शब्द लिखिए।** **4× ½ =2**

(a) सपूत (b) सजीव

(c) स्मरण (d) मित्र

6. निम्न शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। **1+1=2**

(a) कमल (b) किरण

7. निम्न शब्दों के लिंग बदलिए। **4x ½=2**

(a) जेठ (b) विधवा

(c) पुजारी (d) वधू

8. निम्न मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। **2x1=2**

(a) पेट काटना (b) दखल न देना

9. कोष्टक में दी गई क्रिया के सही रूप से वाक्यों के खाली स्थान भरिए। **2x1=2**

(a) सर्कस में जोकर ने लोगों को बहुत ......................। ( हँसना )

(b) नोकदेन नौकर से चाय ....................... रहा है । ( बनाना )

10. निम्नलिखित वाक्यों के खाली स्थान में न , नहीं , मत के उचित प्रयोग से भरिए। **2x1=2**

(a) वे अधिक चाय पीना पसंद .................... करते।

(b) तुम सिगरेट ......................... पीओ।

11. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। **4x ½ =2**

(a) आलोक (b) मानव

(c) चतुर (d) गुरु

12. निम्न के पर्यायवाची शब्द लिखिए। (दो-दो) **1+1=2**

(a) ईश्वर (b) धन

13. निम्न खाली स्थानों को पुस्तक में से उचित शब्द चुनकर भरिए। **1+1=2**

(a) कोहिमा एक ...................... है। (शहर / सहर)

(b) यह मेरा ...................... है। (ग्रह / गृह)

14. निम्न मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए । **1+1=2**

(a) आँखें खुलना (b) नाक रखना

15. कोष्टक में दी गई क्रिया के सही रूप से वाक्य के खाली स्थान भरिए । **1+1=2**

(a) कृपया समय ......................। ( बताना )

(b) कृपया आप शाम को हमारे घर ....................। ( आना )

16. न, नहीं, मत के उचित प्रयोग से वाक्यों के खाली स्थान की पूर्ति कीजिए **1+1=2**

(a) आप मेरे लिए कष्ट ...................... करें ।

(b) तुम रात को अधिक देर तक .................. जागो ।

17. निम्न के पर्यायवाची शब्द लिखिए । (दो – दो) **1+1=2**

(a) पृथ्वी (b) आग

18. निम्न के विलोम शब्द लिखिए । **4x ½ =2**

(a) ताजा (b) यश

(c) कीर्ति (d) उपस्थित

19. कोष्टक में से सही शब्द चुनकर खाली स्थानों को भरिए । **1+1=2**

(a) मेरे मित्र के पास ...................... है । (कृपण / कृपाण )

(b) ................ के तीन भेद होते हैं । ( काल / कल )

20. निम्न शब्दों के लिंग बदलिए :- **4x ½ =2**

(a) युवा (b) महाशय

(c) पुरुष (d) सेवक

21. निम्न मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए । **1+1=2**

(a) आसमानी बातें करना (b) दाँत निपोरना

22. कोष्टक में से क्रिया के सही उचित रूप से खाली स्थानो को भरिए :- **1+1=2**

(a) उसने आज सवेरे छह बजे जो जोभोसे को ..................।(जागना)

(b) मेरेन , क्या तुम हमें चाय नहीं ..................। (पीना)

23. निम्न के पर्यायवाची शब्द लिखिए । **1+1=2**

(a) आसमान (b) पेड़

24. निम्न शब्दों के विलोम शब्द लिखिए । **4x ½ =2**

(a) भूत (b) पवित्र

(c) प्रकाश (d) रक्षक

25. **निम्नलिखित वाक्यों का हिंदी में अनुवाद कीजिए :** **10×1=10**

(a) How is your brother today?
(b) Have you seen my books?
(c) We moved to this town twenty years ago.
(d) She is my best friend.
(e) What a lovely picture!

(f) How tall you have grown!
(g) My sister is too young to go to school.
(h) A light rain fell last night.
(i) Birds fly in the sky.
(j) We cannot live without air.

## SECTION – D ( साहित्य )

### ( PROSE / गद्य )

**26. निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए :**

(a) मिठाई वाला बच्चों के लिए ही चीजें लेकर आता था , क्योंकि वह - **1**

(i) अधिक पैसा कमाना चाहता था ।

(ii) लोगों को आकर्षित करना चाहता था ।

(iii) बच्चों से मिलकर अपनी ममता की पूर्ति करना चाहता था ।

(iv) लोगों में नाम कमाना चाहता था ।

(b) सोमा बुआ के देवर को मरे .......... वर्ष हो गए थे । **1**

(i) बीस वर्ष (ii) पच्चीस वर्ष

(iii) छत्तीस वर्ष (iv) चालीस वर्ष

(c) गजाधर बाबू किस विभाग में कार्यरत थे ? **1**

(i) शिक्षा (ii) रेलवे

(iii) पुलिस (iv) गृह

(d) गुड़िया धागे के सहारे पहुंच गई **1**

(i) भूलोक (ii) स्वर्ग लोक

(iii) पाताल लोक (iv) गाँव

(e) प्राचीन भारत में गुरु-शिष्य संबंध बहुत उत्तम थे, क्योंकि - **1**

(i) प्राचीन शिक्षा - पद्धति बहुत कठिन थी।

(ii) गुरु शिष्यों को पुत्र जैसा मानते थे ।

(iii) गुरु जाति - पाँति में विश्वास करते थे ।

(iv) गुरु पेट पालने के लिए शिक्षा दान करते थे।

(f) व्यवहार - कुशलता के उपयुक्त लक्षण है : **1**

(i) दूसरों के प्रति शिष्टाचार का निर्वाह करना ।

(ii) दूसरों की भावना को समझकर चुप रहना ।

(iii) आत्म - प्रशंसा के लिए अवसर के अनुकूल आचरण करना ।

(iv) किसी को दुःखी देखकर अपना दुःख प्रकट करना ।

(g) 'भेड़ें और भेड़िए' किस प्रकार की कहानी है ? **1**

(i) राजनीतिक (ii) सामाजिक

(iii) प्रतीकात्मक (iv) ऐतिहासिक

**27. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-25 शब्दों में लिखिए :**

(a) नगर - भर में मुरली वाले के आने का समाचार क्यों फैल गया ? **2**

(b) किस ललक ने सोमा बुआ को अपने मृत पुत्र की एकमात्र निशानी बेचने को विवश कर दिया ? **2**

(c) गणेशी कौन था ? वह किसका बिस्तर बाँध रहा था ? **2**

(d) गाँव के सभी युवक आरमा से क्यों जलते थे ? **2**

(e) यूरोप के प्रभाव के कारण आज गुरु - शिष्य संबंध में क्या अंतर आ गया है? **2**

(f) लेखक के प्रोत्साहन का विद्यार्थी पर क्या प्रभाव पड़ा ? **2**

(g) पीला, नीला एवं हरा सियार किसका प्रतीक है ? **2**

**28. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए :**

(a) गजाधर बाबू को लगा कि वे जिन्दगी द्वारा ठगे गए हैं , क्यों ? **4**

(b) विवेकानन्द और रविंद्रनाथ ठाकुर को अधिक महत्व पहले क्यों नहीं मिला **4**

(c) प्रजातंत्र गलत को सही और सही को गलत सिद्ध करने में सफल होता है, समीक्षा कीजिए । **4**

(d) मिठाई वाले ने अपनी मिठाइयों की क्या-क्या विशेषताएँ बतायी ? **4**

**29. निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

(a) भारत में गुरु शिष्य संबंध का भव्य रुप आज साधुओं, पहलवानों और संगीतकारों में ही थोड़ा - बहुत ही सही पाया जाता है। भगवान रामकृष्ण बरसों योग्य शिष्य को पाने के लिए प्रार्थना करते रहे । उनके जैसे व्यक्ति को भी उत्तम शिष्य के लिए रो-रोकर प्रार्थना करनी पड़ी थी । इसी से समझा जा सकता है कि एक गुरु के लिए उत्तम शिष्य कितना महंगा और महत्वपूर्ण है । संतानहीन रहना उन्हें दु:ख नहीं देता पर बगैर शिष्य के रहने के लिए वे एकदम तैयार नहीं होते ।

(i) आज भारत में गुरु - शिष्य संबंध किन लोगों में पाया जाता है ? **1**

(ii) एक ग्रुप को कैसे शिष्य की चाह रहती है ? **1**

(iii) भगवान राम कृष्ण को उत्तम शिष्य पाने के लिए क्या करना पड़ा था ? **1**

(iv) एक गुरु के लिए सबसे महँगा और महत्वपूर्ण चीज़ क्या है ? **1**

(v) 'संतानहीन उन्हें दु:ख नहीं देता , पर बगैर शिष्य के रहने लिए वे एकदम तैयार नहीं होते । यह कथन किसने किसके लिए कहा है ? **1**

(b) आरमा के पिता का देहांत हो गया था । वह अपनी बूढ़ी माँ के साथ रहता था । वह अपनी माँ का एकमात्र सहारा था । जब अरमा किसी काम से देर से घर लौटता, तो उसकी माँ अत्यंत बेचैन हो जाती | आरमा की बहादुरी और

सूझबूझ की चर्चा पड़ोसी गाँवों में खूब हुआ करती थी। युवावस्था में उसने एक शेर तथा तीन शत्रुओं का वध किया था।

(i) किसके पिता का देहांत हो गया था ? **1**

(ii) वह किसका एकमात्र सहारा था ? **1**

(iii) जब अरमा घर देर से लौटता, तो कौन बेचैन हो जाती ? **1**

(iv) आरमा की बहादुरी की चर्चा कहाँ हुआ करती थी ? **1**

(v) युवावस्था में अरमा ने किसका वध किया था ? **1**

(c) गली में बुआ ने चूड़ी वाले की आवाज़ सुनी तो एकाएक ही उनकी नजर अपने हाथ की भही- मटमैली चूड़ियों पर टिक गई। कल संबंधियों के यहाँ जाना है। जेवर नहीं है तो कम से कम काँच की चूड़ी तो अच्छी पहन ले। पर एक अव्यक्त लाज ने उनके कदमों को रोक दिया, कोई देख लेगा तो। लेकिन दूसरे क्षण ही अपनी इस कमजोरी पर विजय पाती- सी वे पीछे के दरवाजे पर पहुँच गयी और एक रुपया कलदार खर्च करके लाल - हरी चूड़ियों के बन्द पहन लिए। पर सारे दिन हाथों को साड़ी के आँचल से ढके- ढके फिरी।

(i) बुआ ने किसकी आवाज सुनी ? **1**

(ii) चूड़ियाँ पहन कर बुआ सारा दिन क्या करती फिरी ? **1**

(iii) एक रुपया खर्च करके बुआ ने क्या किया ? **1**

(iv) जेवर न होने पर बुआ ने क्या पहनने की सोची ? **1**

(v) बुआ की नजर कहाँ जाकर टिक गयी ? **1**

(d) जब लोग त्रस्त हो, पराजित हो या शोक - ग्रस्त हो तभी उन्हें हमारी सहानुभूति, सहायता या प्रोत्साहन की जरूरत होती है। उस समय उनका आत्मविश्वास लड़खड़ा जाता है। उस समय उनकी खिल्ली उड़ाने का या उनकी परेशानी का मजा लूटने का मोह हमें रोकना चाहिए और उन्हें सहारा देना चाहिए तथा उनकी हिम्मत बढ़ानी चाहिए। जो ऐसा करते हैं, वे उनके हृदय में हमेशा के लिए स्थान प्राप्त कर लेते है।

(i) जब लोग त्रस्त हो, पराजित हो तब उन्हें हमारी किस बात की जरूरत होती है ? **1**

(ii) उस समय उनका क्या लड़खड़ा जाता है ? **1**

(iii) उस समय हमें क्या रोकना चाहिए ? **1**

(iv) जो ऐसा करते , वे उनके हृदय में हमेशा के लिए क्या प्राप्त कर लेते है ? **1**

(v) पराजित लोगों को हमें क्या देना चाहिए और उनकी क्या बढ़ानी चाहिए ? **1**

## Poetry

**30. निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए :-**

(a) रहीम जी का जन्म कहाँ हुआ था। **1**

(i) ग्वालियर (ii) इलाहाबाद

(iii) लाहौर (iv) दरभंगा

(b) बिहारी किस काल के कवि हैं ? **1**

(i) भक्तिकाल (ii) रीतिकाल

(iii) श्रृंगारकाल (iv) कोई नहीं

(c) ' कर्मवीर ' कविता के कवि कौन है ? **1**

(i) बिहारी (ii) रहीम

(iii) अयोध्या सिंह उपाध्याय ' हरिऔध' (iv) नागार्जुन

(d) 'गीत मेरे ' कविता के अनुसार जग विभामय कब होगा ? **1**

(i) जब सवेरा हो जाएगा

(ii) जब दीपक जल जाएगा

(iii) जब काली रात बीत जाएगी

(iv) जब व्यक्ति स्वयं प्रकाशमय हो जाएगा

(e) 'अकाल और उसके बाद' कविता में कवि ने छिपकली, कुत्तिया और चूहे आदि जीव-जंतुओं को घर परिवार के रूप में क्यों बताया ? **1**

(i) उनका जीवन घर की खाद्य- सामग्री पर निर्भर है ।

(ii) उनका जीवन मनुष्य पर निर्भर है ।

(iii) उनका जीवन घर की चार दीवारी तक सीमित है ।

(iv) उनका जीवन घर की रसोई पर आश्रित है ।

(f) ' पुजारी , भजन , पूजन और साधन कविता का मूल संदेश क्या है ? **1**

(i) परिश्रम ही सच्ची उपासना है ।

(ii) एकांत आराधना ही सच्ची उपासना है ।

(iii) भजन करना ही सच्ची उपासना है ।

(iv) देवालय में बैठना ही सच्ची उपासना है ।

**31. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20 - 25 शब्दों में लिखिए :-**

(a) कृष्ण और सुदामा की मैत्री के दृष्टांत से रहीम ने क्या शिक्षा दी है ? **2**

(b) बिहारी के अनुसार समाज में कैसे लोगों को सम्मान मिलता है ? **2**

(c) किस प्रकार के लोग जीवन में असफलता होते हैं ? **2**

(d) ' मेरे गीत ' कविता में कवि के हृदय की दुनिया कैसी है ? **2**

(e) ' चक्की रही उदास और चूल्हा रोया ' से कवि का क्या अभिप्राय है ? **2**

(f) " तेरे देवता वही चला गया हैं " पंक्ति से कवि का क्या अभिप्राय है ? **2**

**32.** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40 - 50 शब्दों में लिखिए :-**

(a) रहीम ने दीपक और कपूत को एक समान क्यों कहा है ? **4**

(b) "नाम बड़ा होने से गुणवान नहीं होता" - यह किस प्रकार बिहारी ने सिद्ध किया है। **4**

(c) अकाल में घर की स्थिति कैसी हो गयी है ? अपने शब्दों में लिखिए । **4**

**33.** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 60 - 90 शब्दों में लिखिए :-**

(a) गीत मेरे , देहरी के दीप –सा बन ।
एक दुनिया है हृदय में मानता हूँ ,
वह घिरी तम से , इसे भी जानता हूँ ,
छा रहा है किंतु बाहर भी म तिमिर –घन ;
गीत मेरे देहरी के दीप – सा बन ।
प्राण की लौ से तुझे जिस काल बारूँ ,
और अपने कण्ठ पर तुझको सवारुँ ,
कहां उठे संसार , आया ज्योति का क्षण ;
गीत मेरे देहरी के दीप –सा बन ।

(i) कभी के हृदय की दुनिया किससे घिरी हुई है ? **1**

(ii) कभी किसी देहरी के दीप जैसा बनने को कह रहा है ? **1**

(iii) बाहर की दुनिया में क्या छाया हुआ है ? **1**

(iv) कभी किसको अपने कण्ठ पर सँवारना चाहता है ? **1**

(v) "आया ज्योति का क्षण" कौन कह उठेगा ? **1**

(b) निम्न पद्य खण्ड की संदर्भ सहित सप्रसंग व्याख्या कीजिए :- **5**
रहिमन वे नर मर चुके, जे कहुँ माँगन जाहिं ।
उनते पहले वे मुये, जिन मुख निकसत नाहिं ॥

(c) पुजारी ! भजन , पूजन , साधन , आराधना
इन सबको किनारे रख दे ।
द्वार बन्द करके देवालय के कोने में क्यों बैठा है ?
अपने मन के अंधकार में छिपा बैठा ,
तू कौन सी पूजा में मग्न है ?
आँखें खोलकर जरा देख तो सही
तेरा देवता देवालय में नहीं है ।
जहाँ मजदूर पत्थर फोड़कर रास्ता तैयार कर रहे हैं ,
तेरा देवता वही चला गया है ।
वह धूप - बरसात में एक समान तपते - झुलसते हैं ,
उनके दोनों हाथ मिट्टी से सने हैं ।

| | | |
|---|---|---|
| (i) | कवि ने किन सबको किनारे रखने को कहा है ? | 1 |
| (ii) | पुजारी द्वार बन्द करके कहाँ बैठा हुआ है ? | 1 |
| (iii) | देवता कहाँ नहीं है ? | 1 |
| (iv) | मजदूर पत्थर फोड़कर क्या तैयार कर रहे हैं ? | 1 |
| (v) | उनके दोनों हाथ किससे सने हैं ? | 1 |

**(d)** **निम्न गद्य खंड की संदर्भ सप्रसंग व्याख्या कीजिए :-** **5**

दाने आये घर के अन्दर , कई दिनों के बाद
धुआँ उठा आँगन से ऊपर , कई दिनों के बाद
चमक उठीं घर - घर की आँखें , कई दिनों के बाद
कौए ने खुजलायी पँखें , कई दिनों के बाद ।

**********************